राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

## धौलपुर में राज्यपाल ने जिला स्तरीय समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए निर्देश

## पढ़ाई–दवाई– किसानों की कमाई पर दिया विशेष जोर

## विकास कार्यों को मिले गति, प्रशासनिक मशीनरी चुस्त–दुरुस्त रहे, योजनाओं का क्रियान्वयन तेज हो –राज्यपाल श्री बागडे

जयपुर/धौलपुर, 11 मार्च। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम छोर पर बैठे प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे आमजन की समस्याओं का प्राथमिकता से समाधान करें और उनकी जीवन गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करें। उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार को विशेष रूप से ध्यान में रखते हुए ष्पढ़ाई, दवाई और गांव में ही कमाईष के सिद्धांत पर कार्य करने पर बल दिया।

राज्यपाल मंगलवार को धौलपुर जिला परिषद सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने विभिन्न योजनाओं की विभागवार समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि योजनाओं का क्रियान्वयन इस तरह हो कि प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक लाभ निर्बाध रूप से पहुंचे। उन्होंने कृषि में उत्पादकता बढ़ाने, उन्नत कृषि तकनीकों को अपनाने, बागवानी एवं वैकल्पिक फसलों को प्रोत्साहित करने के साथ ही खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों की स्थापना पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि किसानों की आय बढ़ाने के लिए इन्हीं उपायों को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे ग्रामीण क्षेत्रों में योजनाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाएं ताकि अधिक से अधिक लोग इनका लाभ उठा सकें।

उन्होंने जल संरक्षण को एक महत्वपूर्ण विषय बताते हुए कहा कि वर्षा जल संचयन और अन्य जल स्रोतों के संरक्षण पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिले में बेघर और घुमंतु समुदाय के लोगों को निशुल्क पट्टा देकर उन्हें आवास योजनाओं में शामिल किया जाए, ताकि कोई भी व्यक्ति बिना छत के न रहे।

बैठक में उन्होंने स्वच्छ भारत मिशन के तहत सभी परिवारों के लिए शौचालय निर्माण सुनिश्चित करने और गांवों को साफ–सुथरा रखने के लिए ठोस कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी कहा कि सांसद निधि और अन्य योजनाओं के तहत किए जा रहे विकास कार्यों की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं होना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया कि गांवों को प्रधानमंत्री सड़क योजना से जोड़ा जाए, जल जीवन मिशन के तहत प्रत्येक परिवार को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराया जाए, और कुसुम तथा प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना का व्यापक प्रचार–प्रसार किया जाए।

राज्यपाल ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए विशेष जोर देते हुए कहा कि राजीविका योजना के तहत स्वयं सहायता समूहों को मजबूत किया जाए और उनके उत्पादों की उचित मार्केटिंग की व्यवस्था की जाए। उन्होंने प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना और आयुष्मान कार्ड योजना का लाभ अधिकतम जरूरतमंदों तक पहुंचाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सरकार किसानों के हित में लगातार कार्य कर रही है और प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना में किसी भी पात्र किसान को लाभ से वंचित नहीं रहना चाहिए। इसके लिए कृषि और राजस्व विभाग को लगातार प्रयास करने होंगे।

उन्होंने प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के तहत दिए जाने वाले ऋणों का सही उपयोग सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि लोगों को स्वरोजगार अपनाने के लिए प्रेरित किया जाए और समय पर ऋण वितरण की व्यवस्था की जाए, ताकि अधिक से अधिक लोग इस योजना का लाभ उठा सकें। उन्होंने यह भी कहा कि लाभार्थियों को समय पर ऋण चुकाने के लिए भी प्रेरित किया जाए, ताकि भविष्य में योजना का लाभ अन्य जरूरतमंदों को भी मिल सके।

राज्यपाल ने आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास के लिए विशेष प्रयास करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी केवल पोषण केंद्र नहीं, बल्कि बच्चों के संपूर्ण विकास के संस्थान हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि वहां गुणवत्तापूर्ण सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं।

राज्यपाल ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे टीम भावना के साथ कार्य करें और योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करें, ताकि सरकार की पहल का वास्तविक लाभ जरूरतमंदों तक पहुंच सके। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक मशीनरी को समन्वित प्रयासों के साथ आगे बढ़ना होगा, ताकि जिले में विकास कार्यों को नई गति मिल सके।

––––





